दिनांक 05, जून 2022

नवाब वाजिद अली शाह, प्राणि उद्यान, लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' दिनांक 30 मई से 05 जून, 2022 तक 'सह अस्तित्व के लिए संरक्षणः जनता को जोड़ना' (Conservation to Co-Existence: The People Connect) के विषय वस्तु पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था।

इसी क्रम में आज दिनांक 05.06.2022 को प्राणि उद्यान के 3डी ऑडियोटोरियम में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव (सेवानिवृत्त) रहे। इस अवसर पर प्राणि उद्यान के अधिकारी/कर्मचारी एवं विजेता प्रतिभागी उपस्थित रहे।

निदेशक, प्राणि उद्यान द्वारा मुख्य अतिथि एवं विजेता प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों का शुभारम्भ डा0 अरूण कुमार सक्सेना, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं श्री के0पी0 मलिक, मा0 राज्य मंत्री, वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा साइकिल रैली को झण्डी दिखाकर किया गया। निदेशक, प्राणि उद्यान द्वारा पूरे सप्ताह तक चले विभिन्न कार्यक्रमों का विस्तार से उल्लेख किया गया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम आम जनमानस के देखने हेतु प्राणि उद्यान की वेबसाइट wwww.lucknowzoo.com एवं Social Media Platform (Facebook, Instagram) पर उपलब्ध हैं। निदेशक, प्राणि उद्यान द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को पर्यावरण की रक्षा करने की जिम्मेदारी लेनी होगी। सभी को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने बायोमैग्नीफिकेशन (Biomagnification) का उल्लेख करते हुए बताया कि फसलों से पैदा होने वाले अनाज एवं सब्जियां, फलों आदि में कैमिकल फर्टिलाइर्जस तथा कीटनाशक दवाई (Insecticide) उपयोग करने से अनाज तथा फल, सब्जियों में इनकी मात्रा बढ़ती जा रही है, जोकि चिन्ता का विषय है। इसी लिए आवश्यक है कि जैविक (Organic) खेती को बढ़ावा दिया जाय तथा कीटनाशक दवाई (Insecticide) का कम से कम इस्तेमाल किया जाय।

मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा जैविक (Organic) खेती करने का आवाह्न किया गया है।

मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव (सेवानिवृत्त) ने विश्व पर्यावरण दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव की सभी को शुभकामनायें देते हुए कहा कि पर्यावरण बचाने की जरूरत समय के साथ बढ़ती जा रही है। आजादी के महोत्सव के अन्तर्गत देश में #75weeks75species75zoos में प्राणि उद्यान, लखनऊ के लिए मगर, घड़ियाल प्रजाति चिन्हित की गयी। आजादी के बाद हमने पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचाया जिससे हमारे वन कम होते चले गये तथा नदियां सूखने लगी और मगरमच्छ कम होने लगे तथा घड़ियाल लुप्त होने की कगार पर आ गये। इसे हम सभी ने 70 के दशक में महसूस किया। इसके बाद हमने घड़ियाल को केन्द्रित कर उनके पनुर्वास स्थापित करने का कार्य प्रारम्भ किया। इसके लिए चम्बल, कतर्नियाघाट आदि स्थानों को चिन्हित किया गया और इसमें हम काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

इसके पश्चात लोकांजलि ग्रुप द्वारा पर्यावरण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सूक्ष्म नाटक का मंचन भी किया गया, जिसे सभी के द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर एमिकस एकेडमी की छात्रा सबा आज़मी द्वारा पर्यावरण पर आधारित गीत प्रस्तुत किया गया।

इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को Certificate प्रदान किये गये। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागियों द्वारा की गयी चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

अन्त में डा0 उत्कर्ष शुक्ला, उप निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा मुख्य अतिथि एवं आये हुए विजेता प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीना कुमार, शिक्षा अधिकारी, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा किया गया।

(–ह0–)
(अशोक कुमार)
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ